राज्य के तीन जीआई टैग्ड उत्पादों पर डाक विभाग द्वारा जारी विशेष आवरण का विमोचन

चर्चा में क्यों?

5 सितंबर, 2021 को राज्यपाल अनुसुईया उइके ने राजभवन में आयोजित समारोह में **छत्तीसगढ़ के तीन जीआई टैग्ड उत्पादों- बस्तर का आयरन क्राफ्ट, वुडेन क्राफ्ट एवं जीराफूल चावल** पर **भारतीय डाक विभाग** द्वारा जारी किये जा रहे विशेष आवरण का विमोचन किया।

प्रमुख बिंदु

- राज्यपाल ने कहा कि भारत सरकार के '**आत्मनिर्भर भारत अभियान**' की तर्ज़ पर डाक विभाग द्वारा प्रदेश के **3 जीआई टैग्ड धरोहरों** पर विशेष आवरण जारी कर देश भर में फैले डाक विभाग के विशाल नेटवर्क/फिलाटेली ब्यूरो एवं काउंटरों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु यह पहल की गई है।
- इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि **बस्तर आयरन क्राफ्ट एवं वुडेन क्राफ्ट (काष्ठ शिल्प)** का प्रदेश की आदिवासी संस्कृति एवं इतिहास में एक अभिन्न स्थान रहा है और ये शिल्प देश-विदेश में छत्तीसगढ़ की संस्कृति की पहचान भी बने हैं।
- साथ ही उन्होंने कहा कि **जीराफूल चावल**, **प्रदेश का पहला** एवं अभी तक का **एकमात्र कृषि उत्पाद** है, जिसे भारत सरकार द्वारा इसकी विशेष गुणवत्ता एवं पहचान के लिये जीआई टैग प्रदान किया गया है।
- उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल भविष्य में भी राज्य के भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक गौरव एवं धरोहरों का देश-विदेश में इसी प्रकार प्रचार-प्रसार में योगदान देते रहेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/release-of-special-cover-issued-by-department-of-posts-on-three-gi-tagged-products-of-the-state